कार्यालय मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0
तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार,
14–अशोक मार्ग, लखनऊ।
दूरभाष : 0522–2288656 Email Id : cehydelpcl@gmail.com

संख्या : 39/शिविर/अनु–2/मु0अ0(हा0)/2020 दिनांक : 01/07/2020

अभिलेखों की जॉच/सत्यापन हेतु सूचना

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में विद्युत सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या 03/विसेआ/2019/जेई के अन्तर्गत सीधी भर्ती के माध्यम से **अवर अभियन्ता (प्र0) विद्युत** के पद पर चयनित हुये अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जॉच/सत्यापन हेतु इस कार्यालय के पत्र संख्या 520/अनु–2/मु0अ0(हा0)/अ0अ0(प्र0)–वि0(सी0भर्ती)/2020 दिनांक 19 मार्च, 2020 एवं 664/अनु–2/मु0अ0(हा0)/अ0अ0(प्र0)–वि0(सी0भर्ती)/2020 दिनांक 27 मई, 2020 तथा अभिलेखों की जॉच/सत्यापन हेतु निर्गत सूचना दिनांक 529/अनु–2/मु0अ0(हा0)/2020 दिनांक 04.04.2020 एवं 857/अनु–2/मु0अ0(हा0)/2020 दिनांक 27.06.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करें।

उक्त से सम्बन्धित ऐसे समस्त अभ्यर्थियों जिनके अभिलेखों की जॉच/सत्यापन की कार्यवाही **दिनांक 04 एवं 05 जुलाई 2020** को किया जाना प्रस्तावित था, को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु उ0प्र0 सरकार द्वारा दिनांक 30.06.2020 को लाकडाउन गतिविधियों को प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में निर्गत दिशा–निर्देश के दृष्टिगत उक्त तिथियों के स्थान पर उनके अभिलेखों की जॉच/सत्यापन की कार्यवाही निम्नलिखित निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जायेगी :–

अभिलेखों की जॉच/सत्यापन की कार्यवाही

1. **क्र0सं0 001 से 150 तक : दिनांक 20.07.2020**
2. **क्र0सं0 151 से 296 तक : दिनांक 21.07.2020**

जॉचोपरान्त, जिन अभ्यर्थियों के अभिलेख सही एवं पूर्ण पाये जायेगें, उनके प्रशिक्षण कार्यक्रम उ0प्र0 शासन द्वारा पृथक से जारी की जाने वाली Standard Operating Procedure (SOP) के अनुसार आरम्भ किये जायेगे, जिसकी सूचना सभी अभ्यर्थियों को पृथक रूप से प्रेषित की जायेगी।

अतः समस्त चयनित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त क्रमानुसार निर्धारित तिथियों पर वांछित प्रपत्रों को तैयार कर विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ में प्रातः 10.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

वर्तमान में कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु अभ्यर्थियों को निम्न बातों का ध्यान रखना आवश्यक होगा :–

1. अभ्यर्थीगण निर्धारित तिथि एवं समय पर मास्क पहनकर ही संस्थान में उपस्थित हो एवं अपने साथ वांछित मूल एवं छायाप्रति अभिलेखों के साथ निर्देशानुसार निर्धारित कक्ष में प्रवेश करें। कक्ष संख्या की सूचना संस्थान के गेट पर रहेगी।

....2

2. अभ्यर्थियों से गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं उ0प्र0 राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों (यथा सोशल डिस्टेन्सिंग, सैनिटाइजिंग) का पालन करना अपेक्षित है।
3. संस्थान के गेट पर पहुँचने पर अभ्यर्थियों को हैण्डवास एवं सेनेटाइजर उपलब्ध कराया जायेगा। हैण्डवास एवं सेनेटाइजर का उपयोग करने एवं थर्मल स्कैनिंग कराने के उपरान्त ही संस्थान में प्रवेश करेंगे।
4. जिन अभ्यर्थियों को कोविड–19 के लक्षण (यथा बुखार, खांसी, जुकाम या अन्य) हैं, वे अभ्यर्थी सत्यापन हेतु न आयें एवं कार्यालय के ईमेल cehydelpcl@gmail.com पर सम्बन्धित साक्ष्यों सहित निर्धारित सत्यापन तिथि से पूर्व ही सूचित करें।
5. नियुक्ति पत्र में वर्णित समस्त मूल प्रमाण पत्रों/वांछित अभिलेखों के अभाव में अभ्यर्थियों का सत्यापन किया जाना सम्भव नहीं होगा। अतः अभ्यर्थीगण समस्त मूल प्रमाण पत्रों/वांछित अभिलेखों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रपत्रों के जॉच/सत्यापन हेतु उपस्थित हों।

01.07.2020

(मनोज कुमार श्रीवास्तव)

अधीक्षण अभियन्ता (मु0)